हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, शनिवार 22 जून 2024

[ बालोद | अर्जुंदा | गुंडरदेही | देवरी बंगला | डौंडीलोहारा | डौंडी | अंडा | गुरूर | दल्लीराजहरा | कलंगपुर | लाटाबोड़ ]


# KALINGA UNIVERSITY
RAIPUR | INDIA

NAAC Accredited
NIRF 2023: Ranked in Top 101-150 Universities | 50+ Acre Campus | World Class Infrastructure | 8000+ Students from 25+ Countries | Top Placements & Internships



## D.PHARMACY
## B.PHARMACY
## PHARM.D
## B.PHARMACY PRACTICE
## M.PHARMACY
(Pharmacology / Pharmaceutics / Pharmaceutical Chemistry)

**Approved by the Pharmacy Council of India**

## OTHER PROGRAMS

**ENGINEERING**
Diploma | B.Tech | M.Tech

**LAW**
BA LLB | BBA LLB | LLB | LLM

**LIBRARY SCIENCE**
B.Lib. | M.Lib.

**ARTS & HUMANITIES**
BA | BA (J&MC) | BSW
MA | MA (J&MC) | MSW

**EDUCATION**
B.P.Ed. I MA.(P.Ed.)
B.Ed. | MA.Ed.

**INFORMATION TECHNOLOGY**
DCA | PGDCA | BCA | MCA

**DESIGN**
Bachelor of Fashion Design
Bachelor of Interior Design
Master of Fashion Design
Master of Interior Design

**SCIENCE**
B.Sc. - ZBC / PCM | B.Sc. / M.Sc. - (Biotechnology / Bioinformatics / Biochemistry / Microbiology )
M.Sc. - (Physics / Chemistry / Mathematics / Zoology /Botany)

**MANAGEMENT**
BBA | MBA

**RESEARCH**
Ph.D.

**COMMERCE**
B.Com. | B.Com Hons. with CA / CS / ICWA Coaching
B.Com. Hons. (Taxation & GST)
B.Com. Hons. (Banking & Finance)
M.Com. | M.Com. (Banking & Finance)

**YOGA**
Diploma I B.Sc.
PG Diploma I M.Sc.

## NEW AGE PROGRAMS

B.TECH CS in **AI & ML**
In collaboration with IBM | Innovation Centre for Education

B.DESIGN & M.DESIGN in **User Experience (UX)**

BA & MA in **Film Making**
In collaboration with

Master of **Data Science**

Bachelor / Master of CS in **AI & ML and Cyber Security**

Bachelor / Master in **Animation &VFX**

B.Sc. & M.Sc. in **Forensic Science**

## ADMISSIONS OPEN 2024-25!

### Career Opportunities:
- Clinical Pharmacist
- Pharmaceutical Research Scientist
- Regulatory Affairs Officer
- Pharmaceutical Sales Representative
- Hospital Pharmacist
- Community Pharmacist
- Pharmaceutical Consultant
- Drug Safety Specialist
- Quality Control/Quality Assurance Officer

### Why Choose Kalinga University?
- Well Designed CIF & Labs
- Experienced Faculty
- State-of-the-Art Facilities
- Industry-Relevant Curriculum
- Creative Environment
- 100% Career Opportunities
- Startup Opportunities

**Hostel & Transport facilities available on first come, first serve basis.**

**OUR TOP RECRUITERS**
Cipla | Mankind Serving Life | Glenmark A new way for a new world | Dr.Reddy's | Apollo Pharmacy | Biocon

And Many More....

# +91-9907252100
www.kalingauniversity.ac.in admissions@kalingauniversity.ac.in

**Campus:** Kalinga University, Kotni, Near Mantralaya, Naya Raipur – 492101, Chhattisgarh
**City Office:** 1st Floor, SLT Water Front, Opp. Telibandha Talab, Raipur - 492001
**Bhilai Office:** 111, Khichariya Complex, Opp. Domino's Pizza, Near Hotel Grand Dhillon, Bhilai

Scan the QR code to register for our entrance examinations
## KALSEE/KAL-MAT

# लगातार हो रहे नुकसान से आहत संचालक ने बंद किया अहाता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

अवैध चखना दुकानों से घिरे सरकारी अहाता अंततः बंद हो गया। हरिभूमि ने इसको लेकर पहले ही आशंका जाहिर की थी, पर समय पर प्रसाशन ने अवैध दुकानों पर कार्रवाई नहीं की, जिसके कारण लगातार नुकसान से आहत अहाता संचालक ठेकेदार को अंततः बंद करना पड़ा।

नगर में देशी शराब दुकान में सरकार द्वारा अहाता खोला गया। इसकी नीलामी 31,11900 रूपये में हुई थी। संतोष यादव द्वारा संचालित किया जा रहा था। वहीं, सरकारी अहाता खुलने के बाद भी देशी शराब दुकान के आस पास दर्जनभर से अधिक अवैध चखना दुकान संचालित थे। इन अवैध चखना दुकानों के कारण सरकारी अहाता में लोग नहीं पहुंचते थे। स्थिति यह थी कि लाईसेंस फीस भी नहीं निकल पा रही थी। उस पर अहाता में काम करने वाले कर्मचारियों का वेतन भी देना पड़ रहा था। इससे लगातार हो रहे नुकसान को देखते हुए अहाता संचालक ने अपनी दुकान बंद कर दी। बता दें कि इस संबंध में हरिभूमि ने अपने 19 जून के अंक में समाचार प्रकाशित कर आशंका व्यक्त करते हुए शासन-प्रशासन को स्थिति से अवगत कराया था। समाचार प्रकाशन के बाद इन अवैध चखना दुकानों के खिलाफ कार्रवाई जरूर की गई, लेकिन तब तक विलंब हो गया और लगातार हो रहे नुकसान के कारण अहाता दुकान संचालक ने अपनी दुकान समेट ली। गौरतलब है कि पूर्व के वर्षों में जब शराब दुकान में सरकारी अहाता संचालित होता था, तब गुरूर के अहाता दुकान को लेकर कड़ी प्रतिस्पर्धा रहती थी। गुरूर के अहाता को लाभकारी माना जाता था। लेकिन वर्षों बाद जब पुनः सरकारी अहाता आरंभ किया गया, तब कथित तौर पर प्रशासन से सहयोग नहीं मिलने एवं अवैध चखना दुकानों पर अंकुश नहीं लगाने के कारण सरकारी अहाता नुकसान के कारण बंद हो गया।

## अवैध चखना दुकानों ने बंद करवा दिया सरकारी अहाता





**उठ रहे कई सवाल :** एक सरकारी अहाता के इस प्रकार चंद दिनों में ही बंद हो जाने से कई सवाल खड़े हो रहे हैं। देशी शराब दुकान गुरूर में प्रतिदिन हजारों की संख्या में शराब प्रेमी पहुंचते हैं। उनमें बहुसंख्यक शराब दुकान के सामने ही संचालित हो रहे दर्जनभर से अधिक अवैध चखना दुकानों में बैठकर या शराब दुकान के सामने खाली मैदान में बैठकर शराब पीते हैं। इसका अनुमान मैदान में फैले प्लास्टिक गिलास से लगाया जा सकता है।

### अभी अवैध दुकानें भी बंद

इधर सरकारी अहाता बंद होने के बाद से शराब दुकान के आस पास संचालित लगभग सभी अवैध चखना दुकानें बंद हैं। ऐसा माना जा रहा है कि सरकारी दुकान के बंद होने के बाद उठने वाले सवालों एवं आरोपों से बचने के लिए ही इन अवैध चखना दुकानों को सख्ती से बंद कराया गया होगा। उधर, शराब प्रेमियों को सरकारी अहाता दुकान बंद होने एवं अन्य जगह सुविधा नहीं मिलने के कारण शराब प्रेमी सरकारी अहाता दुकान खुलने का इंतजार कर रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### प्रदेश अध्यक्ष से मुलाकात

**भिलाई।** केंद्र में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनने और प्रदेश में लोकसभा चुनाव में 10 लोकसभा सीट जीत कर रिकार्ड कायम किया है। इसके अलावा दुर्ग लोकसभा से विजय बघेल को 4 लाख 38 हजार वोट मिलने पर अपनी खुशियां बांटने भाजपा जिला भिलाई पदाधिकारीगण भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरण सिंह देव से सौजन्य मुलाकात किया। इस दौरान जिला महामंत्री द्वय झ प्रेम लाल साहू, बिजेंद्र सिंह, जिला उपाध्यक्ष योगेंद्र सिंह, पुरुषोत्तम देवांगन, जिला मंत्री विजय जायसवाल,गुरजीत सिंह, कन्हैया सोनी, कमलेश दुबे, अरुण उपाध्याय मौजूद थे।

### तेज हवाओं से होर्डिंग बना लोगों के लिए खतरा

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत पुराने अवैध होर्डिंग निकालने की कार्यवाही किया जा रहा है। मानसून के आगमन को देखते हुए सभी पुराने होर्डिंग का बारिकी से निरीक्षण किया जा रहा है। तेज आंधी तूफान में होर्डिंग गिरने से किसी प्रकार की दुर्घटना न हो। आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने अधिकारियों को निर्देश दिये है कि वर्षाऋतु का आगमन हो गया है। जिसे ध्यान में रखते हुए रोड के किनारे, मकानों के ऊपर एवं चौक चौराहों पर जितने भी होर्डिंग लगाया गया है, उसका स्थल पर जाकर निरीक्षण करें। इस बात का ध्यान रखा जाये की जो पुराने होर्डिंग, कमजोर हो गये है, उसे तत्काल हटाया जावे। अवैध होर्डिंग पर कार्यवाही की जावे। इसी तारतम्य में निगर निगम भिलाई के सभी जोन के अधिकारियो एवं कर्मचारियो की डयूटी लगाई गई है।

## निधन

### बच्ची देवी मिश्रा



**दल्लीराजहरा।** स्थानीय ब्राह्मण समाज के संस्थापक सदस्य, बीएसपी के सेवानिवृत्त कर्मी दुखन मिश्रा की धर्मपत्नी बच्ची देवी मिश्रा का 20 जून को गांधीधाम (गुजरात) में निधन हो गया। वे 67 वर्ष की थीं। वे अश्विन मिश्रा, अनुपमा एवं उपमा की माता थीं। उनका अंतिम संस्कार 21 जून को गांधीधाम गुजरात में किया गया। नगर के ब्राह्मण समाज सहित मिश्रा परिवार के परिजनों एवं शुभचिंतकों ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की।

### मिथलेश कुमार



**गुरूर।** ग्राम फागुनदाह निवासी मिथलेश कुमार का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे ईश्वर लाल साहू, जमुना बाई साहू के पुत्र व लीलम साहू के पति व चोवाराम साहू के भाई थे।

### रोहित कुमार रात्रे



**डौंडीलोहारा।** ग्राम पंचायत आसरा के सरपंच रोहित कुमार रात्रे 48 वर्ष का शुक्रवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार शनिवार को गृह ग्राम आसरा में किया जाएगा।

## आयोजन : सरस्वती शिशु मंदिर जामगांव आर में मना विश्व योग दिवस

# आसनों का कराया अभ्यास, नियमित रूप से अपनाने की दी गई सलाह





हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

विश्व योग दिवस 21 जून को सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर में योग समारोह का आयोजन किया गया। मंच पर अतिथि तहसील साहू संघ उपाध्यक्ष डा गुलाब साहू, जामगांव आर भाजपा महिला मंडल अध्यक्ष शैलेंद्री मंडावी, नागरिक सुरक्षा सेवा संगठन जिला अध्यक्ष भारती सोनबेर, योग मर्मज्ञ ढालसिंग साहू, विद्यालय समिति अध्यक्ष कामता प्रसाद साहू, कोषाध्यक्ष बसंत राव शिंदे मंचासीन रहे। विद्यालय परिवार ने योग मर्मज्ञ द्वय ढालसिंग साहू, डा गुलाब साहू का उपहार भेंट कर सम्मान किया। अतिथि शैलेंद्री मंडावी एवं भारती सोनबेर का सम्मान उपहार भेंट करते हुए प्राचार्य पीएल बारले, कार्यालय प्रमुख हथेश्वर साहू, पवन बंछोर ने किया। अतिथियों का चंदन से वंदन रसायन व्याख्याता धनेश्वरी साहू ने किया। इस अवसर पर वृक्ष आसन, पदमासन और सर्वांग आसन पर प्रतियोगिता आयोजित की गई। श्रेष्ठ प्रतिभागी को उनकी आसन स्थिति में सम्मानित किया गया।

### बताए योग के लाभ

योग मर्मज्ञ अतिथि डॉ गुलाब साहू ने कहा कि योग से भोजन को पचाने, रात भर अच्छी नींद और पूरे दिनभर फ्रेश रहने की शक्ति मिलती है। तन और मन को स्वस्थ रखने के लिए के लिए ऊर्जा मिलती है। स्वयं का केयर टेकर बनकर जीवन जीने के लिए योग को आत्मसात करें।
अध्यक्ष कामता प्रसाद साहू ने कहा कि योग गुरु पतंजलि योग गुरु बाबा रामदेव सहित सभी योग प्रदाता ऋषि मुनियों का मानव समाज कृतज्ञ है। आज 165 देश विश्व योग दिवस मनाकर भारत की ऋषि मुनियों का आभार कर रहे हैं।
व्यवस्थापक एके जैन ने कहा कि जो नियमित योग करते हैं, उनसे रोग दूर भागते हैं।

### मेनका, सुनीता, निहारिका सम्मानित

योगाभ्यास के दौरान श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए मेनका साहू, सुनीता सेन और निहारिका धीवर को उपहार भेंट कर विद्यालय परिवार ने सम्मानित किया। योग समारोह को सफल बनाने में पवन बंछोर, रोशनी साहू, मेनका साहू, प्रीति साहू, सुनीता सेन, धनेश्वरी साहू, हीना साहू, निहारिका धीवर, परमेश्वरी सिन्हा, कुमकुम साहू का सराहनीय सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन योग मर्मज्ञ डा गुलाब साहू एवं समारोह संचालन व्यवस्थापक एके जैन ने किया।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर हुई चित्रकला व निबंध प्रतियोगिता



**अंडा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय विनायकपुर में अंतरराष्ट्रीय 21 जून को योग दिवस मनाया गया। इस अवसर पर प्राचार्य मनजीत सिंह राजपूत ने योग के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि योग केवल हमारे शरीर को मजबूत और स्वस्थ नहीं बनाता, बल्कि मानसिक शांति भी देता है। इसे तनाव कम होता है और दिनभर ऊर्जा से भरे रहते हैं। व्यायाम शिक्षिका मीनाक्षी नेताम ने बच्चों एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं को योग का अभ्यास कराया। इस दौरान उन्होंने जीवन में स्वस्थ रहने के लिए प्रतिदिन योग करने का संकल्प दिलाया। रेडक्रॉस प्रभारी प्रेमलता योगी ने योग शीर्षक को ध्यान में रखते हुए चित्रकला एवं निबन्ध प्रतियोगिता अयोजित कराई। इसमें बड़ी संख्या में रेडक्रॉस वालेंटियर्स ने भाग लिया। चित्रकला में प्रथम भावना निर्मलकर 10वी, द्वितीय प्रतीक्षा ठाकुर 10वी, तृतीय चांदनी देशलहरे 11वी, तथा निबन्ध में प्रथम याचना देवांगन 10वी,द्वितीय सोनम पटेल 10वी रही। इस अवसर पर ग्राम सरपंच ललिता भूषण गजपाल, शाला के बी के गंगारले, एस उमरे,आर के देशमुख,डी साहू,एम साहू,पी कोसले,एम तिवारी,यु ठाकुर,एल जोशी,जी के चंद्रकार,डी यादव, रीतू एवं कुल 50 विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## अर्जुंदा पहुंचे सांसद भोजराज जुलूस निकालकर जताया जनता का आभार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/अर्जुन्दा

कांकेर लोकसभा क्षेत्र के निर्वाचित सांसद भोजराज नाग विधानसभा के विभिन्न मंडल में आभार प्रदर्शन करने के लिए जनता के बीच पहुंचे। शुक्रवार को श्री नाग अर्जुंदा के कारगिल चौक पहुंचे जहां जिला भाजपा अध्यक्ष पवन साहू, महामंत्री चेमन देशमुख, राकेश छोटू यादव, कमल पंपलिया, संजय साहू, नरेश यदु साथ थे। भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका जबरदस्त स्वागत करते हुए विशाल जुलूस के रूप में नगर भ्रमण किया। जहां उन्होंने नगर के आस्था के केन्द्र रामजानकी मंदिर व महामाया मंदिर पहुंचकर मत्था टेक आशीर्वाद लिया। उसके बाद नवनिर्वाचित सांसद ने व्यापारी वर्ग व सामजिक वर्ग के लोगों ने निवनिर्वाचित सांसद भोजराज नाग का स्वागत किया।

- सांसद बनने के बाद प्रथम नगर आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया जोरदार स्वागत

बस स्टैंड चौक पर जनता का आभार व्यक्त करते हुए भोजराज ने कहा कि जिस विश्वास और उम्मीद के साथ नगर की जनता एवं क्षेत्र की जनता ने मुझे अपना समर्थन दिया है, उसका ऋण मैं कभी नहीं चुका सकता। पर ये वादा जरूर करता हूं कि जनता ने मुझे सांसद नहीं, बल्कि सेवक के रूप में चुना है, मैं हमेशा एक सेवक के रूप में आपके बीच रहकर आप लोगों की मंशा के अनुरूप कार्य करूंगा और क्षेत्र में मोदी की गारंटी और विष्णुदेव के सुशासन को लेकर चलाई जाने वाली योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने का पूरा प्रयास करूंगा।

इस दौरान जिला भाजपा उपाध्यक्ष नरेश यदु, मंडल अध्यक्ष प्रणेश जैन, महामंत्री विश्वास गुप्ता, पवन सोनबरसा, जिला पंचायत सदस्य नीतीश यादव, टोमन साहू, सालिक देशमुख, नेतराम साहू, प्रदीप साहू, पार्षद चंद्रहास देवांगन, ओसाब यादव, लिलेश्वर ठाकुर, रोशन सिन्हा, थिनेश्वरी सोनकर, रोमन सोनकर, कमलेश पाण्डे, अनिल सोनी, देवेंद्र साहू, विश्वजीत तिवारी, ऋषभ महराज, कृष देवांगन, गविंद्र साहू, विवेक ठाकुर, ओंकार सिन्हा सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में मना योग दिवस



**डौंडीलोहारा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में बड़े हर्षोल्लास के साथ 10 वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। प्रातः 7 बजे विद्यालय के सहायक शिक्षक हेमंत साहू व व्यायाम निदेशक सौरभ शर्मा के कुशल निर्देशन में विद्यालय के शिक्षक - शिक्षिकाओं, बच्चों व अभिभावकों के द्वारा योग - प्राणायाम का अभ्यास सह - प्रदर्शन किया गया। प्रधानपाठक माध्यमिक विभाग कमल कुमार आलेंद्र, शिक्षक लोकेश्वर सिंह निषाद ने योग को नियमित दिनचर्या में अपनाने की सलाह दी। व्याख्याता दुकालुराम साहू ने योगगुरु बाबा रामदेव के विषय में जानकारी दी। व्याख्याता अविनाश कुमार साहू व लवण साहू ने करें योग, रहें निरोग कहते हुए अपने विचार किए। संस्था प्रभारी लूणकरण ठाकुर ने अष्टांग योग के संबंध में जानकारी दी। कार्यक्रम में हायर सेकंडरी, हाईस्कूल, माध्यमिक विभाग के शिक्षकों के साथ-साथ बच्चे व अभिभावक उपस्थित थे।

## ट्विनसिटी में प्री मानसून के दूसरे दिन भी हुई अच्छी बारिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

ट्विनसिटी में प्री मानसून की दूसरे दिन लगातार यानी शुक्रवार को भी शाम बारिश हुई। रूक-रूक कर हुई बारिश से लोगों ने राहत की सांस ली। पूरे दिन तेज धूप और उसम भरी गर्मी से लोग हलाकान रहे। शाम 5 बजे के बाद तेज हवा चली। आसमान पर काले बादल मंडराने लगे। शाम 6.30बजे के बाद काले बादलों ने वर्षा की बूंदे बरसाना शुरू कर दी। मौसम विभाग के अनुसार दो-तीन दिन में मानसून अपने पूरे शबाब पर यहां आ जाएगा। मौसम विभाग के मुताबिक दक्षिण पश्चिम मानसून की उत्तरी सीमा अमरावती, गोंदिया, दुर्ग, रामपुर, मालदा, भागलपुर और रक्सौल है। दक्षिण पश्चिम मानसून को आगे बढ़ने के लिए अनुकूल परिस्थितियां बनी हुई है। प्रदेश में अगले 3 से 4 दिनों में मानसून के और अधिक क्षेत्रों में सक्रिय होने की संभावना है। मौसम विभाग के मुताबिक भिलाई दुर्ग सहित प्रदेश में अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है।


## बजरंग दल ने जिला कलेक्ट्रोरेट का घेराव कर किया विरोध प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग



विश्व हिन्दु परिषद बजरंग दल द्वारा अपने तीन विभिन्न मांगों को लेकर कलेक्टोरेट का घेराव करते हुए प्रदर्शन किया गया। दल ने सौंपे गए ज्ञापन में जांच की मांग की है। प्रदर्शन के दौरान हाईवे में वाहनों की लंबी कतारे लग गई थी। जिसे सामान्य करने में पुलिस जवानों को करीब आधा घंटा लग गया। पटेल चौक सिग्नल के पास इस दौरान जाम की स्थिति निर्मित हो गई थी।

बजरंग दल ने कलेक्टर को सौंपे गए ज्ञापन में कहा है कि, पाकिस्तान जिंदाबाद, सर तन से जुदा के नारे लगाने वालो को चिन्हित कर उन पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाए। वही सुनवाई के दौरान कोर्ट परिसर में मुस्लिम समुदाय द्वारा जानलेवा हथियार लेकर जाना एवम कोर्ट के निर्णय की अवहेलना करते हुए पुष्पराज पर हमला करने दौड़ना और पिछले पांच वर्षो में जो मुस्लिम बस्तियां बसी है, उनकी जांच कर उन बस्तियों में रह रहे व्यक्तियों के आधार कार्ड की भी जांच हो कि कहीं वह रोहिंग्या बांग्लादेशी तो नही है। इन तीन सूत्रीय माँगो को लेकर विहीप प्रांत सह मंत्री घनश्याम चौधरी, प्रांत सह मंत्री नंदूराम साहू, बजरंग दल प्रांत संयोजक ऋषि मिश्र, विभाग मंत्री अनिल सिंह गुर्जर, विभाग संयोजक शैलेंद्र सोनी आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।




**न्यायालय नायब तहसीलदार अर्जुन्दा, जिला-बालोद, (छ.ग.)**

**-: उद्घोषणा :-**

सर्वसाधारण ग्राम चीचा प.ह.नं. 03 तह. अर्जुन्दा जिला बालोद को सूचित किया जाता है कि आवेदक दिलीप कुमार आ. प्यारेलाल साहू जाति तेली निवासी ग्राम चीचा तहसील अर्जुन्दा जिला बालोद के नाम से काश्तकारी भूमि मौजा ग्राम चीचा प.ह.न. 03 स्थित भूमि कुल खसरा 204, 309, 328, 407, 848, 856, 913 रकबा 0.26, 0.88, 0.42, 0.06, 0.39, 0.02, 0.88 हे., कुल खसरा 07 कुल रकबा 2.91 हे. लगान 15.53 रुपये राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त आवेदित भूमि को आवेदकगण टिकेन्द्र आ. प्यारेलाल साहू अन्य 13 के मध्य उक्त आवेदित भूमि का 1/4 हिस्से में खाता विभाजन किया जाना एवं एक हिस्सा प्यारेलाल के वारिसानों को, दूसरा हिस्सा दीनदयाल के वारिसानों को तीसरा हिस्सा बेनीराम को तथा चौथा हिस्सा ज्वाला के वारिसान को किये जाने हेतु आवेदक खाता विभाजन किये जाने हेतु बी-1, नकल, अन्य दस्तावेज की छायाप्रति संलग्न कर आवेदन पत्र इस न्यायालय में पेश किया है।

अतएव उक्ताशय के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो वें दिनांक 27/06/2024 को या इसके पूर्व स्वतः अथवा मान्य अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त होने वाले आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।


आज दिनांक 18.06.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीयन पदमुद्रा से जारी किया जावे।

मुहर

**नायब तहसीलदार अर्जुन्दा, जिला-बालोद, (छ.ग.)**

## जमीन को लेकर किया इकरारनामा फिर 50 लाख रुपए लेकर मुकरा

**भिलाई।** जमीन को लेकर इकरारनामा करने के बाद 50 लाख लेकर मुकरने का मामला सामने आया है। घटना की शिकायत आईजी, एसपी से लिखित में की गई है। वार्ड 3 मोतीलाल नेहरु नगर वेस्ट निवासी मनोज राजपुत ने आईजी से शिकायत किया है कि मकान नंबर 108 सड़क 8 दीपक नगर दुर्ग निवासी राजेश सिंह देवभूमि नामक प्रापर्टी डिलिंग का काम करता है। उसके रेलवे स्टेशन रोड दुर्ग में ड्रीम पैलेस भी है। राजेश सिंह ने ग्राम करहीडीह में पपनंबर 49/15 सिकोला के दुर्ग स्थित खसरा नंबर 94, 95/1, 95/2,95/3 रकबा क्रमशः 1.000,0.280,0.104, 0.400,0.406 है। उक्त कृषि भूमि को बेचने को लेकर 24 जनवरी को दो गवाहों के मध्य राजेश सिंह ने इकरारनामा किया था। दोनों पक्षों में जमीन को लेकर कुल 6 करोड़ 48 लाख रुपए में सौदा हुआ था। जिसका बयाना राशि एमआर ले आउट संचालक मनोज राजपुत ने राजेश सिंह को 25-25 लाख रुपए के दो चेक दिया था। उक्त रुपए को देवभूमि प्रापर्टी संचालक राजेश सिंह ने बैंक चेक लगाकर निकाल लिया। पचास लाख रुपए की राशि मिलने के बाद राजेश सिंह का विचार बदल गया और उक्त रुपए को डूबाने की मंशा बना रहा था। तब पीड़ित किसी मामले में जेल में था उसे जमानत मिलने के बाद राजेश सिंह ने पीडित के खिलाफ 18 मार्च को झूठा शिकायत पुलिस में कराई गई।



तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, शनिवार 22 जून 2024

10 अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर हुई चित्रकला व निबंध ...



12 शरीर व मन को जोड़ने का माध्यम है योग





### योग दिवस : अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर इंडोर स्टेडियम में हुआ जिलास्तरीय कार्यक्रम

# सामूहिक रूप से किया योग व प्राणायाम का अभ्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शुक्रवार को संपूर्ण बालोद जिला योगमय रहा। जिला मुख्यालय बालोद के अलावा जिले के सभी विकासखण्ड मुख्यालयों, नगरीय निकाय तथा शासकीय एवं अर्धशासकीय कार्यालयों, ग्राम पंचायतों सहित जिले के अमृत सरोवर के अलावा आम लोगों ने अपने-अपने घरों में भी योगाभ्यास किया।

जिला मुख्यालय बालोद के गंजपारा स्थित इन्डोर स्टेडियम में आयोजित जिलास्तरीय दसवें योग दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कांकेर लोकसभा क्षेत्र के सांसद भोजराज नाग थे। उनके अलावा गणमान्य नागरिक पवन साहू एवं चिमन देशमुख सहित कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल, पुलिस अधीक्षक एस.आर.भगत, सीईओ जिला पंचायत डॉ. संजय कन्नौजे, डीएफओ बीएस सरोटे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक जोशी, एसडीएम शीतल बंसल, डिप्टी कलेक्टर प्रतिमा ठाकरे झा, तरुणा साहू एवं प्राची ठाकुर सहित जिला स्तरीय अधिकारियों के अलावा गणमान्य नागरिक, अधिकारी-कर्मचारियों, स्कूली विद्यार्थियों ने सामूहिक रूप से योगाभ्यास किया।





### निरोग रहने के लिए योग अपनाएं: नाग

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि कांकेर लोकसभा क्षेत्र के सांसद भोजराज नाग एवं अतिथियों के द्वारा माॅं सरस्वती के तैलचित्र पर पूजा-अर्चना से किया गया। मुख्य अतिथि कांकेर लोकसभा क्षेत्र के सांसद भोजराज नाग ने बालोद जिले वासियों को दसवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। श्री नाग ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा योग को अंतर्राष्ट्रीय पहचान दिला कर भारत को विश्व गुरू के रूप में स्थापित करने की पहली कड़ी को पूरा किया है। उन्होंने योग के महत्व के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि योग का अर्थ 'जोड़ना' होता है। हमारे ऋषि-मुनियों ने योग के माध्यम से मनुष्य के आंतरिक शक्तियों को जागृत कर, तन-मन को स्वस्थ रखने का अद्वितीय उपाय सुनिश्चित किया है। सांसद श्री नाग ने आमजनता से स्वस्थ व निरोग रहने के लिए अपने जीवन में योग को अपनाने की अपील भी की।



### आसनों का बताया महत्व

इस अवसर पर योगाचार्य पुरूषोत्तम सिंह राजपूत एवं अन्य योगाचार्यों द्वारा उपस्थित लोगों को सामूहिक योगाभ्यास कराते हुए प्रत्येक आसनों के महत्व एवं उपयोगिता के संबंध में जानकारी दी। योगाभ्यास की शुरूआत पवित्र ओंकार मंत्र के उच्चारण के साथ किया गया। इसके पश्चात सूक्ष्म व्यायाम, ग्रीवा चालन, हस्त चालन, स्कंध संचालन के पश्चात ताड़ासन, वृक्षासन, शिथलीकरणआसन, उस्त्रसन, अधचक्रासन, त्रिकोणासन, भद्रासन, वज्रासन, शशांकासन, उत्तानमंडूकासन, भुजंगासन, मरिच्चयासन, मकरासन, शलभासन, सेतुबंधासन, उत्तानपादासन, शवासन के साथ-साथ प्राणायाम के अंतर्गत अनुलोम-विलोम, कपाल भांती, भ्रामरी प्राणायाम कराया गया।

### योग गुरू पुरूषोत्तम सिंह राजपूत एवं उनकी सुपुत्री टेमिन राजपूत का किया गया सम्मान

इस अवसर पर कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने जिलेवासियों को दशम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि योग अब केवल देश तक ही सीमित नहीं है अपितु पूरे विश्व में इसकी ख्याति फैल चुकी है। चन्द्रवाल ने कहा कि हमारे शारीरिक एवं मानसिक विकास तथा व्यक्ति के सर्वांगीण विकास के लिए योग अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर सांसद एवं अतिथियों के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के जिला स्तरीय आयोजन में लगातार पिछले 10 वर्षों से योगाभ्यास कराने के लिए योग गुरू पुरूषोत्तम सिंह राजपूत एवं उनकी सुपुत्री टेमिन राजपूत को प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया।

### लंबे इंतजार के बाद हुई झमाझम बारिश...



**डौंडीलोहारा।** लंबे इंतजार के बाद शुक्रवार शाम को मानसूनी बारिश प्रारंभ हो गई। तेज बारिश के कारण नगर में नालियां जाम हो गईं व निचले इलाकों में पानी भर गया। मानसूनी बारिश होने से लोगों ने राहत की सांस ली। बारिश नहीं होने के कारण लोग उमस भरी गर्मी से परेशान हो रहे थे, पूर्व में हुई वर्षा से अधिकांश किसान बुवाई कर चुके हैं, बारिश हो जाने से अब बीच में अंकुरण जल्द निकलने लगेगा। 1 घंटे तक लगातार झमाझम बारिश हुई। समाचार लिखे जाने तक बारिश जारी थी।

### नगर पालिका द्वारा निकलवाई गई गंदगी, बाउंड्रीवाल की हुई पोताई

## गंगा सागर तालाब की सफाई व पानी भरने के बाद फिर से नहाने लगे लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

लंबे समय बाद शहर के गंगा सागर तालाब में लोग फिर से नहाते दिखे। दरअसल गंगा सागर के गंदे पानी को सुखाने के बाद बदबूदार गाद को बाहर निकालने और संधारण का कार्य करने के बाद फिर से पानी भरा जा रहा है।

तालाब की साफ सफाई के बाद संधारण कर चारों ओर बाउंड्रीवाल की पोताई की गई। वहीं, अब लबालब पानी भरने से गंगा सागर तालाब में फिर से लोग नहाने लगे हैं। जबकि काफी महीनों से यहां



लोग नहाना पसंद नहीं कर रहे थे। नगर पालिका प्रशासन के प्रयासों से और दो-तीन महीनों तक लगातार कार्य करने के यह खूबसूरत तस्वीर निकलकर सामने आई।

तालाब में लोग नहा तो रहे हैं, लेकिन तालाब के कुछ कोने में फिर से गंदगी दिख रही है, जिसे साफ कराना बहुत जरुरी है। वहीं, गंगा सागर तालाब तथा उसके किनारे लगे गार्डन की देख रेख करना बहुत जरूरी है, वरना असामाजिक तत्वों द्वारा तालाब में गंदगी से लेकर गार्डन की खूबसूरती पर ग्रहण लगाने देर नहीं लगेगी।

### विभिन्न विषयों पर की गई चर्चा

## शाला प्रवेश उत्सव की तैयारी, बीईओ ने प्रधानपाठकों की ली बैठक, दिए निर्देश

**डौंडीलोहारा।** विकासखंड अंतर्गत संचालित 231 प्राथमिक विद्यालय, 117 माध्यमिक विद्यालय के प्रधान पाठकों की समीक्षा बैठक पीएमश्री प्राथमिक शाला एवं शासकीय बालक माध्यमिक विद्यालय डौंडीलोहारा के दोनों स्थानों पर हुई। विकासखंड शिक्षा अधिकारी हिमांशु मिश्रा एवं सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी अश्वन साहू,बीआरसीसी दिनेश मालेकर ने बैठक में नवीन शिक्षा सत्र के लिए शाला प्रवेशोत्सव की तैयारी, विद्यालयों में साफ सफाई, मध्यान्ह भोजन की तैयारी, नवप्रवेशी छात्रों का चिन्हांकन, वृक्षारोपण, विद्यालय में पंजियों का संधारण सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा की। इसी तरह पालक शिक्षक बैठक, शाला प्रबंधन समिति की बैठक, शिक्षक डायरी, प्रार्थना सभा का





आयोजन, पीएम श्री स्कूल का व्यवस्थित संचालन, पेयजल की व्यवस्था, शाला त्यागी बच्चों का पुनः प्रवेश, पाठयपुस्तक एवं गणवेश शाला खुलने के पूर्व वितरण, बालवाड़ी केंद्र की स्थिति, यूथ एवं इको क्लब, यू डाइस, एफ एल एन प्रशिक्षण की उपयोगिता, आगामी दिनों में विज्ञान शिक्षकों का प्रशिक्षण, प्रत्येक शालाओं में एक अंग्रेजी शिक्षक का प्रशिक्षण, न्योता भोजन, पोषण वाटिका का विकास विद्यालय में स्काउट गाइड का संचालन आदि क्रियान्वयन के संबंध में भी विस्तृत चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

दोनों अलग-अलग प्रशिक्षण में प्रभारी जितेंद्र देशमुख, टोमन मालेकर, मोहित भौसार्य, तेजस्वीनाथ योगी,राजेश पाण्डे संकुल समन्वयक उपस्थित थे।

## शिक्षा स्थाई समिति की बैठक में पेंशन से जुड़े प्रकरणों पर लिए गए निर्णय

**गुरूर।** जनपद पंचायत गुरूर के सभाकक्ष में शिक्षा स्थाई समिति की बैठक रखी गई, जिसमें पेंशन से जुड़े विभिन्न प्रकरणों पर निर्णय लिया गया है।

इसमें सामाजिक सहायता पेंशन योजना एवं राष्ट्रीय परिवार सहायता के अंतर्गत ग्राम पंचायतों से प्राप्त आवेदन में अनुमोदन के लिए चर्चा की गई। जिसमें इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्ध पेंशन के तहत 19 प्राप्त आवेदन मे सभी को पात्र माना गया। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना व इंदिरा गांधी राष्ट्रीय दिव्यांग पेंशन के अंतर्गत कोई भी आवेदन नही था। सामाजिक सुरक्षा पेंशन के तहत 02 आवेदन प्राप्त हुए थे जिसमे एक को पात्र माना गया व एक अपात्र निकला। सुखद सहारा पेंशन के तहत कोई भी आवेदन प्राप्त नही हुआ। वही मुख्यमंत्री पेंशन के तहत 113 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमे 58 को पात्र माना गया व 55 अपात्र माना गया। राष्ट्रीय परिवार सहायता



योजना के तहत 16 आवेदन प्राप्त हुआ जिसमे 15 पात्र माना गया व एक अपात्र हुआ। इस प्रकार कुल 150 आवेदन मे 93 आवेदन पात्र माने गए व 57 आवेदन अपात्र की श्रेणी मे माने गए। बैठक मे शिक्षा स्थायी समिति के अध्यक्ष तोशण साहू, सदस्य राज यादेश्वर बल्ला, लक्ष्मी विजय साहू, डिवेश्वरी केशव बंधु, एस कुमार कलिहारी उपस्थित थे।

### आरटीओ एवं यातायात विभाग ने लगाया वाहन शिविर

# 35 स्कूली बसों की जांच में 13 में पाई गई कमी, वसूला जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

शिक्षण सत्र 2024 शुरू होने से पहले 21 जून को परिवहन विभाग बालोद एवं यातायात विभाग द्वारा संयुक्त रूप से 35 स्कूली बसों का निरीक्षण परिवहन कार्यालय बालोद के सामने किया गया।

- खामी पाए जाने बस संचालकों को 7 दिन में कमी दूर करने दी गई हिदायत

स्कूली बसों के निरीक्षण के दौरान बसों को सुप्रीम कोर्ट की गाईडलाइन के अनुसार फर्स्ट एड बॉक्स, पैनिक बटन, इमरजेंसी डोर, सीसीटीवी कैमरा दुरूस्त रखने डायल 112/पुलिस कंट्रोल रूम का नंबर बोर्ड में लिखवाने, नर्सरी एवं छोटे बच्चों के लिए महिला परिचालिका रखने, स्कूली बस्तों को रखने के लिए पर्याप्त स्थान रखने संबंधी महत्वपूर्ण निर्देशों के अनुरूप बसों की जांच की गई। इस दौरान खामी पाए जाने वाले 13 स्कूल बस संचालकों पर 12100 रूपए की चालानी कार्रवाई भी की गई। स्कूल बस चालकों एवं संचालकों को हिदायत दी गई है कि 7 दिवस के अंदर खामियों को दूर कर लें और परिवहन विभाग बालोद को अवगत कराएं।



स्कूली बस चालकों तथा संचालकों एवं लायसेंस बनवाने आएं आम जनों को वाहन चलाते समय सदैव यातायात नियमों को पालन करने, जिम्मेदार नागरिक बनने, सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक रहने की हिदायत दी गई। साथ ही जिम्मेदार नागरिक बनकर अपने कर्तव्यों के प्रति सजगता से पालन करने की समझाइश दी गई। संयुक्त निरीक्षण के दौरान प्रकाश रावटे जिला परिवहन अधिकारी बालोद, निरीक्षक राकेश ठाकुर प्रभारी यातायात बालोद, आरटीओ बालोद एवं यातायात स्टॉफ, विभिन्न स्कूलों के बस चालक एवं संचालक उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### मरकाटोला घाटी में फंसे दो ट्रक



**बालोद।** मरकाटोला घाटी में खाद से भरे दो ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पहाड़ी पर जाकर फंस गए। वहीं इससे आवागमन बाधित हो गया। मिली जानकारी के अनुसार दोनों ट्रक एक के बाद एक आगे पीछे चल रहे थे। इस बीच एक ट्रक अचानक अनियंत्रित हो गया और दोनों ट्रक सड़क किनारे पहाड़ी पर जाकर फंस गए। हालांकि इस सड़क हादसे में दोनों ट्रकों के चालक और परिचालक पूरी तरह सुरक्षित हैं। वहीं, दुर्घटनाग्रस्त ट्रक से खाद को दूसरे ट्रक में भरकर वाहन को दुर्घटनास्थल से हटाया गया। बता दें कि मरकाटोला घाट पर पत्थर को तोड़कर आवागम के लिए सुरक्षित मार्ग बनाया जा रहा है। लेकिन कई महीने बीत जाने के बावजूद निर्माण कार्य अधूरा पड़ा हुआ है। इसके कारण घाटी में आए दिन सड़क दुर्घटना के मामले आते रहते हैं। इसके बावजूद पहाड़ी से पत्थर को हटाने व जाली लगाने का कार्य अधूरा पड़ा हुआ है।

### रापिव आयोग के पूर्व सदस्य देवेन्द्र ने किया योगाभ्यास



**डौंडीलोहारा।** अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर डौंडीलोहारा के ब्लॉक मुख्यालय में स्थित मंडी परिसर में नगर पंचायत द्वारा सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व सदस्य देवेन्द्र ने सामूहिक रूप से योगाभ्यास किया। कार्यक्रम में अनुविभागीय अधिकारी शिवनाथ बघेल, नगर पंचायत सीएमओ, भाजपा मंडल अध्यक्ष रूपेश सिन्हा, संदीप लोढ़ा, सहित अनेक जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी शामिल हुए। इस कार्यक्रम में योग गुरु के रूप में भोलाराम साहू, पीलू राम साहू ने संयुक्त रूप से उपस्थित लोगों को योगाभ्यास करवाया। इस अवसर पर देवेन्द्र जायसवाल ने कहा कि, योग से तन के साथ साथ मन मस्तिष्क भी स्वस्थ रहता है, जिससे जीवन के इस भागदौड़ में अपने को हमेशा फिट रखा जा सकता है।

### बीएसपी में ठेका मजदूर की मौत

**भिलाई ।** भिलाई इस्पात संयंत्र के यूआरएम विभाग में बुधवार को फिर एक ठेका मजदूर की मौत हो गई। मेसर्स हितेश भाई पटेल के स्किल्ड ठेका मजदूर 41 वर्षीय उदयराम साहू यूआरएम सप्लाई लाइन में लोको की क्लीनिंग जोड़ते समय दुर्घटना में गंभीर रुप से घायल हो गया। उसे तत्काल संयंत्र के मेन मेडिकल पोस्ट ले जाया गया, जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पिछले महीनेभर के दो मजदूरों की मौत हो चुकी है। वार्ड 50 खुर्सीपार निवासी मृतक उदयराम बीस साल से उसी स्थान पर काम कर रहा था।

### अवैध कब्जा, ग्रामीणों का फूटा आक्रोश

**सेलूद।** उत्तर पाटन के ग्राम घुघवा (ज) के ग्रामीण बुधवार को फिर से तहसील कार्यालय का घेराव करने पहुंचे। बता दे कि गांव के शासकीय भूमि पर अतिक्रमण का आरोप लगाते हुए उसे हटाने की मांग कर रहे थे। इससे पूर्व कुछ माह पहले भी उसी भूमि से अतिक्रमण हटाने की मांग को लेकर ग्रामीण सैकड़ों की संख्या में तहसीलदार कार्यालय पहुंचकर तहसीलदार मीना साहू को ज्ञापन सौंपा था, लेकिन ज्ञापन देने के बाद भी किसी भी तरह का कार्रवाई नही होने से एक बार फिर ग्रामीण गुरुवार को तहसील कार्यालय पहुंचे।

### हठरी बाजार में व्यापारी से गाली-गलौच और धमकी

**भिलाई।** दुर्ग कोतवाली थाना अंतर्गत हठरीबाजार में व्यापारी को जान से मारने की धमकी और गाली गलौच का मामला प्रकाश में आया है। मामले में कोतवाली पुलिस ने आरोपी मोहम्मद सलीम, साबिर, नूरद्दीन के खिलाफ धारा 294, 506, 34 के तहत अपराध दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि वर्धमान धर्मशाला शिवपारा निवासी संतोष नाहटा की हठरी बाजार में स्वदेशी खादी भंडार की दुकान है। वे पिछले करीब 36 सालों से इस जगह पर दुकान संचालित कर रहे हैं। 15 जून को दोपहर करीब साढ़े 12 बजे आरोपी वहां आए और गाली गलौच शुरू कर दिया। आरोपियों ने धक्का-मुक्की करते हुए जान से मारने की धमकी दी। सूचना पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर लिया है।

हरिभूमि पाठक सूचना
बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100

## खबर संक्षेप

### ट्रेन के सामने कूदा,मौत

**भिलाई।** लंबी बीमारी से परेशान अधेड़ ने ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुची और शव का पंचनामा कर परिजनों को जानकारी दिया। मर्ग कायम कर जांच में लिया है। मिली जानकारी के मुताबिक किडनी बीमारी से परेशान राजेंद्र साव 57 वर्ष को डॉक्टर ने हमेशा डायलिसिस कराने की सलाह दी थी। बीमारी से तंग आकर अपने घर से बाइक पर निकला। उसके बाद बाइक अलग खडी कर सुपेला मौर्या टाकीज के आगे शराब भट्ठी के रेलवे पटरी पर आ रही ट्रेन के सामने कूदकर आत्म हत्या कर लिया। घटना की सूचना पहले लोगों ने जीआरपी को दी उसके बाद सुपेला पुलिस भी पहुची। शव को पुलिस पीएम के लिए सुपेला अस्पताल भेज दिया। पुलिस का कहना है कि परिजनों से पूछताछ किया जाएगा।

### युवक पर हमला

**भिलाई।** प्राणघातक हमला करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने 294, 506, 307 के तहत जुर्म दर्ज किया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि लक्ष्मी नगर सुपेला निवासी जितेन्द्र गिरी 19 जून की रात अपने घर से निकलकर चाय ठेला में बैठा था। तभी मोहल्ले का सुनील चौधरी पहुचा और अपने छोटे भाई के साथ के साथ हुए विवाद को लेकर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देने लगा। इस दौरान सुनील ने अपने पास रखे धारदार चाकू निकालकर पीड़ित के गले में वार कर दिया। घटना में पीड़ित के पैर में चोट आई है। आरोपी को पकड़ने के लिए सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी के मार्ग दर्शन में सुपेला पुलिस ने सुनील चौधरी की तलाश शुरु की गई। उसे सुपेला में घेराबंदी कर गिरफ्तार किया गया। कार्रवाई में टीआई राजेश मिश्रा समेतक उनकी टीम का अह्म योगदान रहा है।

### अनैतिक संबंध को लेकर एमआर की हत्या, गिरफ्तार

**भिलाई।** अनैतिक संबंध को लेकर एमआर की हत्या करने का मामला सामने आया है। मामले में पुलिस ने एक छात्र को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 302 के तहत जुर्म दर्ज किया है। खुलासे करते हुए एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि वैशाली नगर निवासी वेदांत शर्मा एमआर का काम करता था। वेदांत ग्राइंडर नामक ऐप के माध्यम से करनाल हरियाणा निवासी वर्तमान में वेटनरी कालेज में प्रथम वर्ष का छात्र अनमोल राणा से दोस्ती हुई। जिसके बाद अनमोल राणा को लेने के लिए वेदांत अपनी मां का कार लेकर गया था। आरोपी अनमोल उसे अंजोरा कालेज के बाहर मिलने की जानकारी मोबाइल से दी थी। वेदांत ने उसे 17 जून की रात को कार में बिठाकर अपने निवास लेकर आ गया। इस दौरान वेदांत और अनमोल जमकर शराब पीए। आरोपी ने वेदांत के साथ अनैतिक संबंध बनाने को लेकर आक्रोशित हो गया। इसके बाद आरोपी अनमोल राणा ने उसे गला दबाकर हत्या कर मौके से फरार हो गया। आरोपी को प्रार्थी संजय कुमार ने कमरे से बाहर निकलते देखा था। वेदांत की शार्ट पीएम में पुलिस को पता चला कि मौत गला दबाने से हुई है। पुलिस को आरोपी अनमोल को लेकर कई क्लू मिलने के बाद आसानी से उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

## योग दिवस : नगर निगम रिसाली ने दशहरा मैदान में किया योग महोत्सव का आयोजन

# शरीर व मन को जोड़ने का माध्यम है योग






हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

अंचल के रिसाली मंडल के दशहरा मैदान में नगर निगम रिसाली द्वारा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विधायक ललित चन्द्राकर ने भी सभी लोगों के साथ योग किया और योग का महत्व बताते हुए इसे अपने जीवन में अपनाने की सलाह दी। इस अवसर पर विधायक ललित चन्द्राकर ने कहा कि हर साल 21 जून को पूरा देश ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया में योग दिवस मनाया जाता है। 2014 में हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में इसका प्रस्ताव दिया था। संयुक्त राष्ट्र ने इस प्रस्ताव को स्वीकार किया और दुनियाभर में 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाए जाने का ऐलान किया। विधायक चन्द्राकर ने आगे कहा कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का उद्देश्य, योग के हजारों तरह के फायदे से लोगों को रूबरू कराना है।

दुनिया को योग के प्रति जागरूक कराना है। साथ ही साथ वैश्विक पटल पर भारत की ये धरोहर पहुंचाना है। योग हमारे शरीर, मन और आत्मा को एक साथ जोड़ने का एक तरीका है। यह जीवन जीने का एक तरीका है जो हमें शारीरिक और मानसिक दोनों रूप से स्वस्थ रहने में मदद करता है। योग को हमे दैनिक जीवन में अपनाकर अपने जीवन को स्वस्थ और अनुशासित बनाना है। योग से मानसिक तनाव दूर होता है और बुद्धि का विकास होता है। इस दौरान मुख्य रूप से ,महापौर शशि सिन्हा, निगम आयुक्त मोनिका वर्मा, सभापति केशव बंछोर,मंडल अध्यक्ष शैलेन्द्र शेंडे सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं आमनागरिक व विद्यार्थी उपस्थित थे।

## हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभदायक है योग





**दल्लीराजहरा।** शासकीय नेमीचंद जैन महाविद्यालय दल्लीराजहरा में प्राचार्य अरूण कुमार व्ही. के मार्गदर्शन में योग दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय येवा इकाई द्वारा महाविद्यालय परिसर में प्रातः 7.00 बजे से सामान्य योग प्रदर्शन, योग पर व्याख्यान व योगाभ्यास कराया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के अनेक प्राध्यापक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। वरिष्ठ प्राध्यापक (गणित) डॉ. डीआर साहू व क्रीडा अधिकारी ओमेश्वरी मंडावी ने संचालन करते हुए योग का महत्व बताया। इसके साथ ही विभिन्न आसनों का शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक लाभ बताते हुए सूक्ष्म व्यायाम के अंतर्गत ग्रीवा, स्कंद, कट से संबंधित योग आसनों का अभ्यास कराया।

क्रीड़ा अधिकारी ओमेश्वरी मंडावी ने कहा कि शक्ति भक्ति और मुक्ति का महायोग योगासन, योग करें निरोग रहें। उन्होंने कहा कि योग हमारी सेहत के लिए बेहद फायदेमंद है। यही वजह है कि लोग इसे लगातार अपनी दिनचर्या का हिस्सा बना रहे हैं। इसे करने से केवल शारीरिक ही नहीं, बल्कि मानसिक तौर पर भी कई सारे फायदे पहुंचते हैं। योग की इसी अहमियत को देखते हुए हर साल 21 जून को अंतरराष्ट्रीय विश्व योग दिवस मनाया जाता है। यह दिन खासतौर पर योग से होने वाले कई लाभों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के मकसद से मनाया जाता है। योग एक प्राचीन अभ्यास है, जिसकी उत्पत्ति भारत में हुई और इसने अपने शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक लाभों के लिए दुनिया भर में लोकप्रियता हासिल की है।अंतरास्ट्रीय योग दिवस पर योगाभ्यास किया गया। कार्यक्रम के सफलतापूर्वक आयोजन में प्राध्यापक डॉ. पी. के. सिंह, डॉ. कविता सिंह, डॉ. ए. जॉन, डॉ. धर्मेन्द्र सिंह, कांती ठाकुर, अनिता ठाकुर, यामिनी देवी, रासेयो इकाई के कार्यक्रम अधिकारी राजेश ठाकुर एवं कार्यालयीन स्टाफ के साथ रासेयो स्वयं सेवकों की सहभागिता रही।

■ शासकीय नेमीचंद जैन महाविद्यालय दल्लीराजहरा में मना योग दिवस

## भीमकन्हार में शुरू हुआ पांच दिवसीय निशुल्क योग शिविर



**डौंडीलोहारा।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर ग्राम भीमकन्हार में एचडब्ल्यूसी के योगाचार्य तीरथ कुमार अटल द्वारा पांच दिवसीय निःशुल्क संगीतमय योग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बच्चे, बुजुर्ग, युवा एवं महिलाओं ने योग प्राणायाम, यौगिग ,जोंगिंग, ताड़ासन, खान-पान, रहन-सहन, संस्कार, संगत और संकल्प तथा अच्छी पढ़ाई के संबंध में चर्चा की। वहीं, गैस, कब्ज, एसिडिटी, शुगर, हाईबीपी, ब्रेनहेमरेज, अटैक, साइटिका, सर्वाइकल ,मोटापा ,जोड़ों का दर्द, अनिद्रा, कैंसर जैसी अन्य गंभीर बीमारियों के लिए योग और प्राणायाम के



वृक्षासन, वज्रासन मंडूकासन भ्रस्त्रिका, कपालभाति ,त्रिबंध,अग्निसार ,उज्जाई ,अनुलोम विलोम ,भ्रामरी ,ध्यान ,सिंहासन, हास्यासन का अभ्यास किया। इसके साथ ही शांति पाठ कर अनेक प्रकार के योग व माध्यम से बच्चों का ध्यान आकर्षण कराया गया। निरंतर योग घर-घर योग और अंतिम व्यक्ति तक का पुरुषार्थ करने के लिए पतंजलि योग परिवार जिला बालोद के तत्वावधान में योग कराया गया।

## सशिमं गुरूर में मना योग दिवस



**गुरूर।** सरस्वती शिशु मंदिर पूर्व माध्यमिक विद्यालय गुरूर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रातः सामूहिक योग का आयोजन किया गया। इस दौरान समाजसेवी जयंत किरी, नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष नंदकिशोर शर्मा, पूर्व जनपद अध्यक्ष ईशा प्रकाश साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष कौशल साहू, जिला विधि प्रकोष्ट संयोजक रामसाय साहू सहित नागरिक एवं विद्यालय के आचार्य उपस्थित थे योगाभ्यास कार्यक्रम में विद्यालय के संचालक के साथ विद्यार्थी व पालक भी सम्मिलित हुए तथा विभिन्न योग के आसनों के माध्यम से योग करके किस प्रकार निरोगी काया प्राप्त कर सकते है इसकी जानकारी प्राप्त की।

## एकलव्य महाविद्यालय में मना अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस



**डौंडीलोहारा।** शासकीय एकलव्य महाविद्यालय डौण्डीलोहारा जिला-बालोद में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं रेड रिबन क्लब व भारतीय यूथ रेडक्रास सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में 21 जून को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। प्राचार्य राजू लाल कोसरे एवं एन.एस.एस. प्रभारी पुरूषोत्तम भुआर्य ने बताया कि इस अवसर पर महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापकों/कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं ने योग के विभिन्न आसनों का अभ्यास किया। उक्त अवसर पर प्राचार्य राजू लाल कोसरे एवं सहायक प्राध्यापक/कर्मचारी उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में प्राचार्य एवं प्राध्यापकों ने योग के महत्व के बारे में अपने-अपने विचार व्यक्त किया तथा विभिन्न योगासन किया।

## कुथरेल में मना योग दिवस





**अंडा।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर दुर्ग जिले के ग्राम कुथरेल में योग का आयोजन किया गया। इस दौरान युवाओं के मार्गदर्शक प्रदीप चंद्राकर ने योग के विभिन्न आसनों का अभ्यास कराया। फाउंडेशन के अध्यक्ष प्रेमलाल देशमुख ने कहा कि योग हम सबके लिए बेहद ही जरूरी है। उन्होंने कहा कि 24 घंटे में कम से कम 24 मिनट हमें अपने शरीर के लिए देना चाहिए, जिसका सरल और आसान उपाय योग है।
उन्होंने कहा कि शांतिवन प्रखर वेलफेयर फाउंडेशन सोसाइटी का आज अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर प्रारंभ हो रहा है, जिसके अंतर्गत स्वास्थ्य, खेल पर्यावरण, सांस्कृतिक जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर काम किया जाएगा। कार्यक्रम में लक्ष्य मैदान के बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। लक्ष्य मैदान के कोच भरत यादव और खिलेंद्र चंद्राकर ने फाउंडेशन के निवेदन को स्वीकार कर सभी बच्चों को इस योग के कार्यक्रम में सम्मिलित होने की अगुवाई की। कार्यक्रम में सरपंच राजश्री प्रेरणा चंद्राकर, प्रदीप चंद्राकर, अध्यक्ष प्रेमलाल देशमुख, सचिव नागेन्द्र चंद्राकर, कमलेश देशमुख, मेनका देशमुख, वेदु साहू, दुष्यंत देशमुख, भरत यादव खिलेन्द चंद्राकर सहित लक्ष्य मैदान के सैकड़ों बच्चे उपस्थित रहे।

## शासकीय विद्यालय परसदा (डंग ) में मना योग दिवस





**अंडा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला परसदा (डंग ) में 21 जून को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्यअतिथि सरपंच कुलदीप साहू थे, विशेष अतिथि लाला राम साहू, मोहन साहू, गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं को योग मास्टर रविन्द्र चन्द्राकर, देवेन्द्र देवांगन ने योग का अभ्यास कराते हुए उसका महत्व बताया। उन्होंने कहा कि योग हमारे शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक स्तर को स्वस्थ बनाये रखा है। इसलिए हम योग को अपने जीवन का एक अनिवार्य अंग बनाकर रखें। कार्यक्रम का मार्गदर्शक नवीन यादव, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी खेमराज साहू, एबीओ श्रध्दा ठाकुर थे। तत्पश्चात योग समापन पर धुव्रे प्रधानपाठक महेश चन्द्राकार प्रधान पाठक, रूखमणी चन्द्राकार, दमयंती साहू, दीपेश साहू एवं बच्चे उपस्थित थे।

## शासकीय पीएमश्री प्राथमिक शाला संबलपुर में मनाया गया योग दिवस






**डौंडीलोहारा।** अंतर्राष्ट्रीय 10वें योग दिवस के अवसर पर शुक्रवार को पीएमश्री प्राथमिक शाला संबलपुर विकासखंड डौंडीलोहारा जिला बालोद में कार्यक्रम का आयोजन प्रातः 07 बजे किया गया। कार्यक्रम में योगाचार्य सुरेखा अटल ने योगासन के विभिन्न आसनों को करने की विधि और उनके फायदे बताए। साथ ही योग को प्रतिदिन करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार शरीर में जल की आवश्यकता जितनी है, उसी प्रकार जीवन जीने के लिए योग हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा है। इससे हम अछूते नहीं रह सकते। इस अवसर पर ग्राम पंचायत सम्बलपुर की सरपंच उमा बाई ठाकुर, वीरेन्द्र निरोटी, ग्राम के गणमान्य नागरिक गण और एमसी के सदस्यगण शाला परिवार के सभी शिक्षक साथ ही जल ग्रहण मिशन पीएचई से योगिता साहू भी उपस्थित रहीं। उन्होंने भी योगासन के फायदे और रोजाना जीवन में योगासन को उतारने के लिए सभी को प्रेरित किया। इसके साथ ही लोगों को पानी बचाने के लिए प्रेरित करते हुए उसके उपाय भी बताए। उन्होंने पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए पौधारोपण के लिए प्रेरित किया।

## बेलौदी स्कूल में योग के विभिन्न आसनों का कराया गया अभ्यास





**लाटाबोड़।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेलौदी में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योगाभ्यास का आयोजन किया गया। इस दौरान शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय के शिक्षक छबिल दास साहू ने प्रातः 7 बजे से उपस्थित सदस्यों को योग के विभिन्न आसनों एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया। मुख्य रूप से अनुलोम विलोम कपाल भाती भ्रामरी मंडुक आसन गोमुख आसन शशांक आसान बज्रासन पादपश्चिमोसन सहित सूर्यनमस्कार का अभ्यास करवाया गया। इस अवसर पर संकुल केन्द्र बेलौदी के संकुल समन्वयक संदीप कुमार जोशी ने योग का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि योग को हम सभी लोगों को अपनी दैनिक दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। इससे हम शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रह सकते हैं। साथ ही योग के द्वारा हम विभिन्न प्रकार के रोगों से छुटकारा पा सकते हैं। पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में शाला की प्रभारी प्राचार्य रेणुका साहू, व्याख्याता नरेन्द्र कुमार साहू, प्रीति मंडावी बी लहरे, गीता वर्मा, कैलाश कुमार साहू, ईश्वरी साहू, सुमरित साहू, सरिता ध्रुव सहित शाला के छात्र छात्राएं उपस्थित थे।



## कमरौद में मनरेगा मजदूरों ने किया योग

**लाटाबोड़।** शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत कमरौद में चल रहे मनरेगा कार्य के अंतर्गत मजदूरों ने योग किया। मनरेगा कार्य में अमृत सरोवर में फलदार पौधा लगाया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत सरपंच चमेली पटेल, ग्राम प्रमुख खिलानंद पटेल पंच दुलारी ठाकुर गंगा देशलहरे, नीरा ठाकुर नर्मदा कंवर मेट रोजगार सहायक एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

# नगर पालिका प्रांगण में मना योग दिवस





हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन शिबू नायर अध्यक्ष नगर पालिका परिषद दल्ली राजहरा एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी आर के साहू के मार्गदर्शन में किया गया। इसी तारतम्य में कार्यालय प्रांगण में म उपमुख्यमंत्री एवं भारसाधक मंत्री नगरीय प्रशासन एवं विकास अरुण साव के उद्बोधन का सीधा प्रसारण एवं श्रवण प्रोजेक्टर के माध्यम से किया गया। इस अवसर पर योग प्रशिक्षक कपिशचंद पांडेय व्याख्याता स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यमिक विद्यालय नया बाजार द्वारा सामान्य योगाभ्यास में सबसे पहले मंगलाचरण उसके बाद खड़े होकर किए जाने वाले योगाभ्यास ताड़ासन वृक्षासन स्कंध संचालन अर्ध चक्रासन आदि आसनों के लाभ पर चर्चा एवं अभ्यास किया गया।

इसी तरह बैठकर किए जाने वाले आसनों में भद्रासन,वज्रासन, अर्ध उस्ट्रासन का अभ्यास किया गया। इसके साथ ही आसनों का अभ्यास करने के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों के संबंध में चर्चा की गई। प्राणायाम, कपालभाति, शीतली भ्रामरी, नाड़ी शोधन के साथ ध्यान एवं संकल्प योग कराया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नपा अध्यक्ष शिबू नायर ने कहा कि स्वास्थ्य के लिए उत्तम साधन योग है।वहीं, मुख्य नगर पालिका अधिकारी आरके साहू ने कहा कि शारीरिक एवं मानसिक सेहत के लिए योग बेहद फायदेमंद है। यह शरीर को न केवल रोग मुक्त रखता है, बल्कि मन को शांत करने में मदद करता है। कार्यक्रम में पार्षद रुखसाना बेगम, रोशन पटेल,स्वप्निल तिवारी, चंद्रप्रकाश, स्वास्थ्य अधिकारी रामगोपाल चंद्राकर,अभियंता योगानंद सोम, लेखापाल शिवाजी प्रसाद एवं नगर पालिका के अधिकारी कर्मचारी सहित सफाई कर्मी उपस्थित रहे।




| Balod To | Zest | Crysta | Today Offer |
|---|---|---|---|
| Raipur Airport | 1499 | 2999 | 999 |
| Nagpur / Jabalpur/ Ambikapur | 4999 | 7999 | 2999 |
| Sambalpur / Bargarh / Blangir | 3999 | 7999 | 1999 |

